दिनांक : 21.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम का आयोजन अगले साल मार्च महीने में जयपुर में किया जाएगा। ग्राम 2026 के लिए राज्य सरकार ने फिक्की को समिट पार्टनर बनाया है। इसके लिए राज्य सरकार और फिक्की के बीच कल एमओयू हुआ। कृषि और उद्यानिकी आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने बताया कि ग्राम के लिए प्रदेशभर से 50 हजार से ज्यादा किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राज्य में कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और तकनीकी हस्तांतरण के लिए तीन देशों में अतंरराष्ट्रीय रोड़ शो और चार प्रमुख शहरों में घरेलू रोड़ शो आयोजित किये जाएंगे।

000

राजस्थान पुलिस के जयपुर में हो रहे राज्य स्तरीय सम्मेलन में उत्कृष्टता के रोड़मैप पर चर्चा की जा रही है। राजस्थान पुलिस अकादमी में इस सम्मेलन में पुलिसिंग की आधुनिक चुनौतियों, तकनीकी नवाचारों, सामाजिक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मंथन किया जा रहा है। सम्मेलन के पहले सत्र में पुलिसकर्मियों को नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों और जालसाज़ी से जुड़े अपराधों से निपटने की जानकारी दी जा रही है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कल राजस्थान स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक ली। इसमें मुख्य सचिव ने राज्य में वित्तीय समावेशन बढ़ाने के लिए बैंकों के नेटवर्क को मजबूत करने और सुनियोजित तरीके से डिजिटल और वित्तीय साक्षरता कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण वितरण को फास्ट ट्रेक मोड पर चलाने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि इससे नये उद्यम लगाने और स्वरोजगार शुरू करने में मदद मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

000

बीकानेर 23 नवंबर को **'टूर डी थार'** अंतरराष्ट्रीय साइकिल रैली की मेजबानी करने जा रहा है। ये रैली नौरंगदेसर से रवाना होगी। खेल, संस्कृति और पर्यावरण जागरुकता के लिए ये आयोजन होगा। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज बीकानेर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि **टूर डी थार** के जरिये साइकिल चालन, साहसिक पर्यटन और फिटनेस के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

............

000

21वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी का आयोजन 23 नवम्बर से लखनऊ में किया जा रहा है। 29 नवम्बर तक चलने वाली इस जम्बूरी की थीम सशक्त युवा विकसित भारत रखी गई है। इसमें सार्क देशों के स्काउट गाइड सहित देशभर के 30 हजार से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। राजस्थान से करीब 1700 प्रतिनिधियों का दल इस राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेगा। विभिन्न जिलों के स्काउट गाइड का जयपुर में पूर्व प्रशिक्षण रखा गया है।

000

राजस्थान की मेजबानी में हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 24 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। 24 नवम्बर से शुरू हो रहे इस खेल महाकुंभ में खो–खो प्रदर्शन के रूप में शामिल किया गया है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं राज्य के सातों संभागों में होंगी। इनमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी, तैराकी, तिरंदाजी, शूटिंग, कैनोइंग और कयाकिंग सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। 5 दिसम्बर तक चलने वाले इस खेल कुंभ में देशभर में लगभग 5 हजार से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे।

000

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी का कल गोवा में भव्य समारोह के साथ आगाज़ हुआ। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने इसका उद्घाटन किया। 28 नवम्बर तक चलने वाले इस उत्सव में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्मों की श्रृंखला प्रस्तुत की जाएंगी। 127 देशों की 2 हजार 300 से ज्यादा प्रविष्टियां महोत्सव की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाती है। इफ्फी, परदे पर विश्व सिनेमा की कहानियों को प्रस्तुत करता है। इसके जरिये दुनिया की बेहतरीन फिल्मों को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इफ्फी में आज दो फिल्मों के प्रदर्शन के साथ भारतीय पैनोरमा का शुभारंभ होगा।

000